आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.11.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
- सांसद बिष्णु पद रे ने कल उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात कर द्वीपों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।
- श्री विजयपुरम में अट्ठारह से बाईस नवम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- शिक्षा विभाग कार निकोबार की ओर से अंचल स्तरीय विज्ञान, गणित, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
- स्कूली छात्रों में देशभक्ति और एकता की भावना उत्पन्न करने के लिए पूरे देश में स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों को रोकने के लिए देश में सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। श्री गडकरी कल शाम छत्तीसगढ़ के रायपुर में भारतीय सड़क कांग्रेस के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री गडकरी ने कहा कि सड़क और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कमियों को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की खामियों ने बड़ी समस्याएं उत्पन्न की हैं। अधिकारियों और इंजीनियरों की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का सावधानी पूर्वक परीक्षण किए बिना ठेके जारी नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क इंजीनियरिंग में सुधार से दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और लोगों की जान बचाई जा सकेगी।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने कल उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने उप–राज्यपाल के समक्ष द्वीपों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। सांसद ने अनिम्स को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ एकीकृत करने का अनुरोध किया। उप–राज्यपाल ने इस मामले को केन्द्रीय

सरकार की मंजूरी के लिए भेजने का आश्वासन दिया। सांसद ने भूमि से जुड़े मुद्दों को भी उप–राज्यपाल के समक्ष रखा।

**<><><><><><><>**

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, कल आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना उनका स्थान लेंगे। कई ऐतिहासिक फैसलों के लिए ख्याति प्राप्त न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ का कल न्यायालय में अंतिम कार्यदिवस था।

**<><><><><><><>**

सरकार ने हज यात्रा को सुगम बनाने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार कर कई कदम उठाए हैं। इन कदमों के माध्यम से महिलाओं की समानता को बढ़ावा दिया गया है, जिससे कि अधिक महिलाएं स्वतंत्र रूप से हज यात्रा पर जा सकती हैं। विशेषकर कम आय वाले लोगों के लिए हज यात्रा को सुगम बनाने के प्रावधान किये गए हैं। महिलाओं के लिए सुगम्यता को बेहतर बनाने के वास्ते हज यात्री सहायता कार्यक्रम शुरू किये गए हैं।

**<><><><><><><>**

श्री विजयपुरम में अट्ठारह से बाईस नवम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण कोलकाता के न्यायिक सदस्य के. हरिपाल और प्रशासनिक सदस्य अनिन्दो मजूमदार कैट के समक्ष लम्बित मामलों का निपटान करेंगे। नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। विभाग, जिनके मामले कैट के समक्ष विचाराधीन है, उनसे मामलों से जुड़े दस्तावेजों के साथ सरकारी अधिवक्ता से संपर्क करने को कहा गया है। विभाग प्रमुखों से भी ट्रिबुनल में सुनवाई के दौरान अपने नोडल अधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश देने को कहा गया है, ताकि वे सरकारी वकील की सहायता कर सके।

**<><><><><><><>**

शिक्षा विभाग कार निकोबार की ओर से प्रियदर्शिनी हॉल में अंचल स्तरीय विज्ञान, गणित, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निकोबार ज़िला उपायुक्त ज्योति कुमारी मुख्य अतिथि थी, जबकि आदिवासी परिषद के अध्यक्ष लियोनाल्ड निकोमेडे सम्माननीय अतिथि थे। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि ने जिले के युवाओं द्वारा रचनात्मक सोच, नवाचार और छात्रों के विज्ञान के प्रति रूचि की सराहना की। बच्चों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं में जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, नई तकनीक और निकोबार द्वीपसमूह के विशिष्ट पर्यावरणीय मुद्दों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तीनों कलस्टर संसाधन केन्द्र –सीनियर सेकेण्डरी स्कूल लापाती, मलाका और सवाई के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, कला और शिल्प श्रेणियों में आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए। मॉडलों का मूल्यांकन जूरी सदस्यों के एक पैनल द्वारा किया गया। इससे पहले,

शिक्षा अधिकारी एच. नथानिएल ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर स्कूल की उप–प्रधानाचार्या एवरलिन ने चयनित छात्रों और शिक्षकों को श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाले आगामी राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी में विभागाध्यक्ष, शिक्षक, छात्र और उनके अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से स्कूली छात्रों में देशभक्ति और एकता की भावना पैदा करने के लिए पूरे देश में स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। समग्र शिक्षा द्वारा कल बॉयस स्कूल में राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लड़के और लड़कियों दोनों श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ स्कूल बैंड का चयन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने छात्रों को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पूरी भावना और दृढ़ संकल्प के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में लड़कों की श्रेणी में तीन टीमों और लड़कियों की श्रेणियों में चार टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का निर्णय नौसेना, सेना और पुलिस विभागों के प्रतिष्ठित बैंड मास्टर्स द्वारा किया गया था। गर्ल्स बैंड ट्रूप में, गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहले स्थान पर रहा, जबकि मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और पीएम श्री बम्बूफ्लाट दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। लड़कों के बैंड दल में विवेकानंद केंद्र विद्यालय पहले, निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल दूसरे और बॉयस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तीसरे स्थान पर रहे। समापन समारोह में शिक्षा सचिव एल. कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और विजेता टीमों को ट्रॉफी भी प्रदान की।

<><><><><><><>

सामाजिक कार्यकर्ता रत्ना कन्नन ने धन्नीखाड़ी निवासी नमिता घोष के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे बयासी वर्ष की थी। शव यात्रा कल दिन में दस बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

भारत सेवाश्रम संघ सीपीघाट की ओर से कल जंगलीघाट स्थित दुर्गा मंडपम में जगदात्री पूजा का आयोजन किया गया है। इस सिलसिले में कल सुबह चार बजे श्री गुरू पूजा और आरती की जाएगी। दिन मे ग्यारह बजे पुष्पांजलि होगी और दोपहर बारह बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में 'भारी वाहन चालक और स्टोर अटेंडेंट' के ग्रुप–सी पद के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा बाईस नवम्बर और एक दिसम्बर तथा दो दिसम्बर को निर्धारित की गई है। उम्मीदवार ग्यारह नवम्बर की शाम से प्रशासन के भर्ती पोर्टल से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><>

निकोबार पुलिस की ओर से अवैध शराब के निर्माण और वितरण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हाल ही में नौ सौ बीस लीटर लाहन ज़ब्त किया गया। उप–निरीक्षक जे आर कृष्णा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मलाका गांव में छापा मारा। छापेमारी के दौरान इमैनुअल और सैमसन नामक दो व्यक्तियों को चार लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। निकोबार ज़िला पुलिस ने लोगों से किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों की जानकारी साझा करने को कहा है।

<><><><><><><>